प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

चिरेका में लोको रेलियाबिलिटी समीक्षा बैठक आयोजित

रेलइंजन नवाचार और उच्च तकनीक पर हुई चर्चा

चित्तरंजन,10.05.2024;

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के प्रशासनिक भवन स्थित बैठक कक्ष में 9 से 10 मई, 2024 को दो दिवसीय loco reliability पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकोमोटिव में प्रोपल्शन सिस्टम और होटल लोड कन्वर्टर्स की गुणवत्ता पूर्ण विश्वसनीयता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में गुणवत्ता युक्त लोकोमोटिव उत्पादन के वृद्धि दर की रणनीतियों और लंबित आदेशों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सुरक्षित और अधिक कुशल रेल नेटवर्क के लक्ष्य के साथ रेल इंजन प्रौद्योगिकियों में नवाचार और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर भी जोर दिया गया।

आरडीएसओ के प्रधान कार्यकारी निदेशक श्री आर.के. गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिरेका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री एस.के. वर्मा, चिरेका और आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी.